आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.05.2026 समय : 18.30 पीएम

- **केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा तंत्र को पूरी तरह अभेद्य बनाने के लिए बीएसएफ, सेना, प्रशासन और जागरूक नागरिकों को मिलकर काम करने पर ज़ोर दिया।**
- **अगले साल दिसम्बर से व्यवसायिक उड़ानों के संचालन के लिए तैयार होगा कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट ।**
- **राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक के साढे 6 हजार पदों पर भर्ती के लिए कार्यक्रम जारी किया।**
- **प्रदेश के उत्तरी, पश्चिमी और कुछ पूर्वी इलाकों में लू के असर से जनजीवन प्रभावित–कई स्थानों पर रात का पारा भी 32 डिग्री से ऊपर पहुंचा।**

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा तंत्र को पूरी तरह अभेद्य बनाने के लिए बीएसएफ, सेना, प्रशासन और जागरूक नागरिकों को मिलाकर चतुष्कोणीय ग्रिड तैयार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी खतरे से निपटने की संयुक्त जिम्मेदारी इन सभी की होनी चाहिए। श्री शाह आज बीकानेर के पास बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर आयोजित प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चतुष्कोणीय ग्रिड के माध्यम से ही सीमा पर उत्पन्न खतरों का पूरी ताकत से मुकाबला किया जा सकता है।

..................

गृह मंत्री ने **सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए चलाये जा रहे वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम जिक्र करते हुए कहा कि** इसके जरिये सीमा पर स्थित गांव के लोगों को भी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। **उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों ने ड्रोनरोधी संयत्र लगाने की शुरूआत 6 महीने में कर दी जायेगी।** गृह मंत्री ने कहा कि राजस्थान में एक हजार 96 किलोमीटर लम्बी लेट्रल रोड बनने से न केवल बीएसएफ की सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। उन्होंने सीमा से 50 किलोमीटर अंदर तक के क्षेत्र के नागरिकों और युवाओं से लगातार संवाद कर उन्हें सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक करने की जरूरत पर बल दिया। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश के सुरक्षा तंत्र में व्यापक बदलाव हुए हैं। सेना और अर्धसैनिक बलों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया है।

..................

इससे पहले गृह मंत्री ने सीमा पर तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई–लोकार्पण भी किया। गृह मंत्री ने बीकानेर में एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय गृह मंत्रालय और बी.एस.एफ.के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

000

कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अगले वर्ष अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके बाद यहां से उड़ाने संचालित हो सकेंगी। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर आज नई दिल्ली में हुई बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोक सभा अध्यक्ष ने बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों को कोटा एयरपोर्ट पर ही इमीग्रेशन संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री बिरला ने पुराने एयरपोर्ट के स्थान पर एक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने की संभावनाओं पर ही विचार करने को कहा। इस बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा कोटा के संभागीय आयुक्त कोटा बूंदी के जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। गौरतलब है कि एक हजार 88 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। एयरपोर्ट का रनवे लगभग तीन

किलोमीटर लंबा होगा। इस रनवे पर दुनिया के बड़े एयरक्राफ्ट भी आसानी से उतर सकेंगे। एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता लगभग 20 लाख यात्रियों की होगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पद्मश्री से सम्मानित होने वाली प्रदेश की तीन विभूतियों को बधाई दी है। श्री बागडे ने कहा कि इन हस्तियों के सम्मान से पूरा राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 66 विभूतियों को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से अलंकृत किया। इनमें प्रदेश की तीन हस्तियां सामाजिक सेवा और लोक कल्याण के क्षेत्र में योगदान के लिए स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज, लोक वाद्य भपंग को वैश्विक पहचान दिलाने वाले गफरूद्दीन मेवाती जोगी और अलगोजा वादक तगाराम भील शामिल हैं।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अध्यापक के 6 हजार 500 पदों पर भर्ती के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड सचिव ने बताया कि इन परीक्षाओं का आयोजन बारह से अठारह जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। आयोग ने परीक्षा के सुगम संचालन के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षाओं को चार ग्रुप में विभाजित किया है। विषयों और परीक्षा की तिथियों की जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। गौरतलब है कि यह परीक्षा 10 विषयों के विभिन्न पदो पर भर्ती के लिए आयोजित की जायेगी।

000

प्रदेश में किसानों को नकली और अमानक बीजों से बचाने के लिए कृषि विभाग की ओर से आज बीकानेर, सीकर जोधपुर और जयपुर में व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा और अन्य अधिकारियों ने नकली बीज बनाने वाली 14 फैक्ट्रियों में छापेमारी की। चौमू स्थित एक बीज कंपनी में छापेमारी के दौरान श्री मीणा ने दावा किया कि कंपनी में गुणवत्ताहीन मूंगफली के बीज की पैकिंग की जा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार नकली बीज बनाने और बेचने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी बुवाई सत्र के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रामाणिक बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

000

जयपुर जिले में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए विशेष जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही परामर्श और आवश्यक रेफरल सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस बीच आज महिलाओं और बालिकाओं में ऐनिमिया की दर कम करने के लिए शक्ति दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पतालों में बालिकाओं और महिलाओं की, हीमोग्लोबिन की जांच की गई। साथ ही अनिमिया के उपचार के लिए आयरन की गोलियां दी गई।

000

प्रदेश के उत्तरी, पश्चिमी और कुछ पूर्वी इलाकों में लू के असर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इन क्षेत्रों के कई जिलों में आज भी अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। दिन के साथ–साथ रात में भी पारा सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभगा के अनुसार 47 डिग्री सेल्सियस के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा वहीं फलौदी और बीकानेर में 46 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। झुलसाने वाली गर्मी और तेज़ धूप के कारण दिन के समय समय सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही सीमित रही। चूरू में भीषण गर्मी से आम जन–जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाड़मेर और जैसलमेर में भी लगातार जारी लू से लोग बेहाल है। भीषण गर्मी और लू से बचाव के प्रबन्धों को लेकर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद मीडिया को उन्होंने बताया कि अधिकारियो को बिजली और पानी की व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिये गये है।

.................

मौसम केन्द्र जयपुर ने कल भी तेज गर्मी और गर्म हवाएं चलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं 28 मई से प्रदेश में कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां दर्ज की जा सकती है।

000

गर्मियों की छुट्टियों में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 52 जोड़ी रेल सेवाओं में विभिन्न श्रेणियों के 132 अतिरिक्त डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह बढ़ोतरी जून माह के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे यात्रियों को प्रतीक्षा सूची की समस्या से राहत मिलेगी और यात्रा अधिक सुगम हो सकेगी।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज क्वालीफायर–वन मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच धर्मशाला में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे आईपीएल–2026 के फाइनल में पहुंचेगी, वहीं हारने वाली टीम को क्वालीफायर–टू में एक और मौका मिलेगा।

वहीं कल, मोहाली में एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी और विजेता टीम क्वालीफायर–टू में पहुंचेगी। पंजाब किंग्स पर जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता द्वारा अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

000